भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.12.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2720 का उत्तर

सेवा सर्विस ट्रेन

2720. डॉ॰ कलानिधि वीरास्वामीः

श्री अजय मिश्र टेनीः

श्री ए॰ राजाः

श्री एस॰ रामलिंगमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में कम दूरी वाले छोटे शहरों के बीच एक बेहतर अंतिम बिंदु संपर्कता को सुनिश्चित करने के लिए सेवा सर्विस ट्रेन आरंभ करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने तमिलनाडु सहित देश भर में इस सेवा के अंतर्गत कवर किए गए छोटे शहरों को चिन्हित किया है;

(ग) यदि हां, तो उन मार्गों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जहां इन सेवा ट्रेनों को आरंभ किए जाने की संभावना है तथा उत्तरी चेन्नई सहित यात्रियों को दी जाने वाली प्रस्तावित सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) इसके लिए संभावित तौर पर स्वीकृत की जाने वाली निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इन्हें कब तक जोड़ने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ड़): रेल यात्रियों को सुविधा प्रदान करने और यात्रियों की कम दूरी की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भी छोटे शहरों और महत्वपूर्ण शहरों के बीच रेल संपर्कता मुहैया कराने के लिए भारतीय रेल ने विभिन्न आरंभिक-गंतव्य पर 15.10.2019 से "सेवा" नामक सेवाओं की 12 जोड़ियां शुरू की हैं जिसमें "सेवा" नामक सेवाओं की 03 जोड़ी अर्थात् 76801/76802 करूर-सलेम सेवा डेमू, 56609/56610 पलानी-कोयम्बटूर सेवा पैसेंजर और 56183/56184 कोयम्बटूर-पोलाची सेवा पैसेंजर शामिल है तमिलनाडु राज्य में स्थित स्टेशनों को सेवित कर रही हैं। इस समय, अतिरिक्त "सेवा" नामक सेवाओं को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, "सेवा" नामक सेवाओं सहित गाड़ी सेवाओं को शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है, बशर्ते परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि हो।

*****